## शहर की सभी राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने की शोकग्रस्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त

# दिवंगत श्रीमती संतोष कुमारी को सैकड़ों नम आंखों से विदाई, पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि









दलजीत विक्की | समर न्यूज़
लुधियाना

जमालपुर स्वर्ग आश्रम व श्री वैष्णो देवी माता मंदिर के प्रधान पवन मकोल शैंटी की माता स्वर्गीय श्रीमती संतोष कुमारी का आकस्मिक निधन बीते बुधवार और वीरवार के मध्यरात्रि में हो गया था। जिसके बाद 21 मई को जमालपुर स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गये रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा जमालपुर की मंदिर मार्ग रोड (मेट्रो रोड) स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में संपन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संस्था के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय श्रीमती संतोष कुमारी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में रस्म पगड़ी व रस्म उठाला के समय प्रवचन के दौरान पंडित ओम प्रकाश और आचार्य विष्णु उपाध्यय, ने कहा कि आत्मा अजर-अमर है, मृत्यु केवल शरीर की होती है। जिस प्रकार मनुष्य कपड़े पुराने होने के बाद बदलता है, उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर को छोड़ दूसरे शरीर में चली जाती है। मनुष्य को चाहिए कि वह 84 लाख योनियों के बाद मिले इस मानुष जीवन में सदैव अच्छे कर्म करे ताकि वह जन्म-मृत्यु के इस चक्र से मुक्त हो सके। श्रद्धांजलि सभा के अंत में आरती के पश्चात स्वर्गीय संतोष कुमारी के पुत्रों को पंडित जी द्वारा मंत्रोच्चारण कर पगड़ी बांध कर रस्म पगड़ी की रस्म अदा की गई। स्वर्गीय संतोष कुमारी शांत स्वभाव, सामाजिक, उच्च धार्मिक विचारों वाली सर्वगुणी प्रतिभा से सम्पन्न गृहणी थीं और उनके उच्च व धार्मिक विचार हमेशा परिवार के लिये प्रेरणादायक रहे। परिवार में उनकी प्रेरणा के कारण आज उनके परिवार की धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक व औद्योगिक क्षेत्र में अलग पहचान है। स्वर्गीय संतोष कुमारी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं, जिसमें पुत्र पवन मकोल शैंटी, रानी मकोल, विजय मकोल, अनीता मकोल, विनोद, कमलेश मकोल, भारत, पवन मकोल (शंटी), रानी मकोल, अनिल, रेखा मकोल, अनीता, सुशील सहगल, रूही, मनीष अरोड़ा, करन मकोल, नेहा, पंकज अरोड़ा, अनूप, परमिंदर मकोल, मेघा, पवन अरोड़ा, तुषार, अर्थ मकोल, तुषेन मकोल, पुष्कर सहगल, केतन मकोल, तन्वी मकोल, पारस सहगल शामिल हैं।

इस मौके पर विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला, भाजपा प्रदेश उपप्रधान जतिंदर मित्तल, भाजपा नेता पवन शर्मा, पूर्व विधायक संजय तलवाड़, पूर्व विधायक रणजीत ढिल्लों, चेयरमैंन जोरावर सिंह, चेयरमैन हेमराज राजी, प्रधान पुरुषौतम मित्तल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियेवाल, अमित कनोजिया, मनीष दाहुजा, डॉ सतीश नहोरिया, भाजपा नेता रितेश जयसवाल, हरप्रीत सिंह सोनू, आशु मेहन, सुरेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुरजीत राय उदय सिंह राठौड़, विनोद गर्ग, अविनाश शर्मा, अजय धावन, पार्षद पति पिंकू शर्मा, मोहित गोयल, अजय धवन, अनिल खन्ना, मुकेश कुमार, राजकुमार धूपर (राजू), इंद्रदीप सिंह मिंकू, अमित गोयल, मोहित सूद, सतबीर अग्रवाल, शशि भूषण, प्रदीप मित्तल, संजीव भार्गव रॉकी, सुरेश अग्रवाल, हरप्रीत सिंह अज्जू, अंकुर वर्मा, कुलविंदर सिंह गोगा, राजीव गोगना, सहित कई अन्यों ने शोकग्रस्त परिवार के सदस्यों के साथ प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## मायापुरी रोड पर मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, फायरिंग के आरोप

# कार साइड करने पर खूनी झड़प, ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले; कई लोग गंभीर घायल





समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब में एक दर्दनाक सड़क हादसे में टिप्पर और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई, जिसमें दो किसानों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब दोनों किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव की ओर लौट रहे थे। तेज रफ्तार टिप्पर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### ऑटो से खींचकर पीटा

मुख्तार के अनुसार, कुछ ही देर में 10-15 लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और उस पर हमला कर दिया। जब उसके पिता और भाई बचाने पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। परिवार की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने जाते समय कुछ लोगों ने उन्हें ऑटो से खींचकर पीटा।

### महिलाओं के साथ भी बदसलूकी

घायल युवक के पिता ने दावा किया कि झगड़े के दौरान एक आरोपी ने पिस्तौल निकालकर गोली चलाई। उनका कहना है कि घटना का वीडियो भी मौजूद है, जिसमें हथियार गिरता दिखाई दे रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी फायरिंग की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

थाना टिब्बा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एक गुट द्वारा युवक को बंधक बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन समय रहते पुलिस ने हस्तक्षेप कर उसे छुड़ाया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो और गवाहों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इलाके में घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है।

# टिप्पर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार 2 किसानों की मौत

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब में एक दर्दनाक सड़क हादसे में टिप्पर और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई, जिसमें दो किसानों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब दोनों किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव की ओर लौट रहे थे। तेज रफ्तार टिप्पर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# यूपीएससी प्रीलिम्स... 4353 उम्मीदवारों ने दी परीक्षा, 14 सेंटरों पर कड़ी निगरानी

## दो शिफ्टों में हुई परीक्षा, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। शहर के 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4353 उम्मीदवारों ने दो शिफ्टों में परीक्षा दी। प्रशासन और परीक्षा एजेंसियों ने नकल रोकने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए, जिसमें मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल रहा। सुबह की पहली शिफ्ट में सामान्य अध्ययन (जीएस पेपर-1) की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी शिफ्ट में सीसैट (पेपर-2) आयोजित किया गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, वहीं प्रवेश से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया अपनाई गई।

**▪ फ्लाइंग स्क्वॉड की तैनाती...** परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम तैनात रही। अधिकारियों के अनुसार, सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी भी तरह की अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार पेपर का स्तर संतुलित था, हालांकि समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा। एक उम्मीदवार ने कहा कि सीसैट थोड़ा ट्रिकी था, लेकिन जीएस अपेक्षाकृत ठीक रहा। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि कड़ी निगरानी व्यवस्था ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रशासन ने भी व्यवस्था को सफल बताते हुए कहा कि भविष्य में इसी तरह की सख्ती जारी रहेगी। यूपीएससी प्रीलिम्स को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है और लुधियाना में शांतिपूर्ण आयोजन ने छात्रों और प्रशासन दोनों के लिए राहत भरा माहौल बनाया।

# तिवारी ने मेलबर्न में यूडीएफ विजय समारोह का किया नेतृत्व, देश की बहुलतावादी सोच व प्रवासी समुदाय की ताकत को किया रेखांकित

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



केरल विधानसभा चुनावों में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत के अवसर पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (ऑस्ट्रेलिया) के केरल चैप्टर द्वारा मेलबर्न के रोवविल स्थित ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर में विक्ट्री सेलिब्रेशंस 2026 नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन दीवान भी प्रमुख अतिथियों में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आईओसी ऑस्ट्रेलिया के पदाधिकारियों द्वारा मनीष तिवारी का गर्मजोशी और आत्मीयता से स्वागत करने के साथ हुई। आईओसी नेताओं ने उनकी इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आईओसी ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम का मनोबल काफी बढ़ा है। सभा को संबोधित करते हुए तिवारी ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ऑस्ट्रेलिया तथा विशेष रूप से उसके केरल चैप्टर को हाल ही में सम्पन्न हुए केरल चुनावों में यूडीएफ की निर्णायक जीत को समर्पित इस शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनका केरल राज्य के साथ बहुत पुराना और गहरा संबंध रहा है। केरल भारत की विविधता और बहुलतावाद का उत्सव मनाता है तथा देश की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक विविधता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने संबोधन के दौरान तिवारी ने कहा कि वे पंजाब से आते हैं, जिसकी आत्मा को तीन शब्दों—पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत—में समेटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि देश के दक्षिणी छोर पर स्थित केरल में भी वही बहुलतावाद, वही विविधता तथा मानव जीवन के प्रति वही सम्मान और मूल्य मौजूद हैं। अनेक मायनों में केरल और पंजाब के बीच काफी समानताएं हैं। यह समानता केवल उनकी धर्मनिरपेक्ष और बहुलतावादी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इस तथ्य में भी है कि दोनों राज्यों के दुनिया भर में विशाल प्रवासी समुदाय मौजूद हैं। तिवारी ने कहा कि हममें से कई लोग अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं और पृष्ठभूमियों से जुड़े हो सकते हैं और भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंध रखते रहे होंगे। लेकिन जब हम विदेश में होते हैं, तब सबसे पहले हम भारतीय होते हैं और बाकी सभी पहचानें उसके बाद आती हैं।

यही भावना हमारे प्रत्येक कार्य की मार्गदर्शक होनी चाहिए। विदेशों में हमें केवल इंडियन नेशनल कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि भारत के नागरिकों के रूप में देखा जाता है। इसलिए हमारे हर अच्छे या बुरे कार्य का प्रभाव न केवल हमारे समुदाय पर, बल्कि भारत की छवि पर भी पड़ता है।

**निमंत्रण** | अमन ऋषि जैन व अनुज मदान ने बताया- निमंत्रण अभियान अंतिम चरण में

# तीन दिन बाद श्री बालाजी दरबार में गूंजेगी भक्ति की स्वर लहरियां

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



गणमान्यों को निमंत्रण देते हुए अमन जैन, अनुज मदान, संदीप पब्बी, पुनीत शर्मा, सुखविंदर व अन्य।

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम में 27 मई को आयोजित होने वाले 22वें स्थापना दिवस महोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थापना दिवस समारोह में अब केवल तीन दिन शेष रह गए हैं और मंदिर कमेटी द्वारा गणमान्य राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक हस्तियों को निमंत्रण देने का दौर भी अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

मंदिर के प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रधान स्व. अशोक जैन जी की प्रेरणा एवं श्री बालाजी महाराज की असीम कृपा से यह दिव्य आयोजन हर वर्ष भव्य रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी भगवान का यह पावन दरबार भक्तों की आस्था का केंद्र बन चुका है, जहां सच्चे मन से आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।प्रधान अमन जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल संध्या चौंकी में मंदिर संकीर्तन मंडली के प्रसिद्ध भजन गायक रोहित डंग एवं कुमार संजीव अपनी मधुर भजन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से निहाल करेंगे, जबकि प्रसिद्ध पंजाबी गायक रोशन प्रिंस विशेष हाजिरी लगाकर श्री बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे। मंच संचालन सुरिंदर वावा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु श्री बालाजी महाराज के इस पावन उत्सव में शामिल होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करेगा, उसे आध्यात्मिक शांति, सुख-समृद्धि एवं पुण्य की प्राप्ति होगी। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं भव्य सजावट से सजाया जा रहा है और सेवादार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

इस मौके पर अमन जैन, ऋषि जैन, अनुज मदान व मंदिर कमेटी ने समस्त शहरवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे परिवार सहित इस विशाल धार्मिक आयोजन में पहुंचकर श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें। निमंत्रण दौर में नरिंदर नथानी, ख्वाइश नथानी, अर्पिता जैन, राहुल जैन, कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया, चेयरमैन स.जोरावर सिंह, वरुण जैन अध्यक्ष लीगल विंग हल्का साहनेवाल, प्रिंस सैनी, बलबीर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस एससी विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर कैप्टन मलकीत वालिया का बयान

# बोले- टिकट वितरण में पैसों का प्रभाव बढ़ना लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़



पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर कैप्टन मलकीत सिंह वालिया ने मीडिया के माध्यम से एक सार्वजनिक बयान जारी करते हुए राजनीतिक दलों में टिकट वितरण प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में चाहे कोई भी कार्यकर्ता कितना भी मेहनती, ईमानदार, समझदार और समाज से जुड़ा हुआ क्यों न हो, उसे टिकट मिलना बेहद कठिन हो गया है। उनके अनुसार कई दलों में यह चर्चा आम हो गई है कि टिकट अब पैसों के आधार पर भी दिए जा रहे हैं। कैप्टन वालिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुछ बागी मंत्री और विधायक भी यह आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी में गलत तरीके से टिकट वितरण हुआ है और समय आने पर वे इस सच्चाई को सार्वजनिक करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह स्थिति केवल एक पार्टी तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी राजनीतिक दलों में इस तरह की चर्चाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि केवल आर्थिक रूप से मजबूत व्यक्ति ही टिकट हासिल कर पाता है, जबकि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता जीवनभर पार्टी के लिए मेहनत करते हैं—झंडे उठाना, पोस्टर लगाना, नारे लगाना, धरना-प्रदर्शन करना और नेताओं का सम्मान करना- लेकिन अंत में उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल पाता। कैप्टन वालिया ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा को कमजोर कर रही है।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को टिकट देकर उनका सम्मान करें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्ष 2027 के चुनावों में राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं को उनका उचित मान-सम्मान जरूर देंगे।